हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026



11 नशा मुक्त समाज से ही संभव है सुरक्षित डगर ...



12 जिला परियोजना संयोजक ने जांच दूसरी ...




**खबर संक्षेप**

### कुंगड़ में कैंसर पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** हर वर्ष की भांति पुलवामा शहीदों की स्मृति में 14 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे से लेकर 2 बजे तक कैंसर पीड़ितों के लिए गो उपचार केंद्र में शहीद भगत सिंह युवा द्वारा सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट के मार्गदर्शन मे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कुलवंत व सुरेंद्र कुंगर ने बताया कि शिविर में एम्स बाढ़सा झज्जर की टीम रक्त एकत्रित करेगी।

### सैनी कल्याण परिषद का रक्तदान शिविर कल

**भिवानी।** पुलवामा हमले में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में सैनी कल्याण परिषद भिवानी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 15 फरवरी रविवार को आयोजित होगा। सैनी कल्याण परिषद के ब्लड बैंक प्रभारी राजकुमार सैनी व सहप्रभारी सुनील सैनी ने बताया कि शिविर रोहतक गेट स्थित समर्पण चैरिटेबल ब्लड बैंक में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता 20 को

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 20 फरवरी को भीम स्टेडियम में जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने बताया कि खंड स्तर पर प्रतियोगिताएं सम्पन्न होने के पश्चात 20 फरवरी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के तहत 18 से 30 वर्ष की महिलाएं भाग ले सकती हैं।

# तलहटी में पहुंचा जलघरों का पानी अब शहर में तीसरे दिन हो रही सप्लाई

1. एक नंबर पुराना जलघर में सात टैंक, क्षमता 16 एमएलडी,दो तीन दिन का पानी
2. दो नंबर डाबर जलघर में पांच टैंक है, क्षमता 18 एमएलडी सप्ताह का पानी शेष बचा
3. तीन नंबर निनान जलघर में तीन टैंक हैं,क्षमता 19 एमएलडी हैं लगभग नौ दिन का पानी बचा

दस तक पानी पहुंचने की थी उम्मीद, फिलहाल 15 फरवरी तक पानी पहुंचने की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नहरों में पानी देरी से पहुंचने की वजह से जलघरों के टैंकों में पानी तलहटी में पहुंच गया है। पुराने जलघर के टैंक की तली में गाद नजर आने की वजह से जनस्वास्थ्य विभाग को आधे शहर में पीने के पानी की राशनिंग करनी पड़ रही है। जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर को तीन हिस्सों में विभाजित करके पुराना जलघर, डाबर जलघर व निनान जलघर से सप्लाई दी जा रही हैं। वहीं आधे शहर में एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। हालांकि पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी अभी तीन चार दिनों का पानी का स्टॉक होने का दावा कर रहे है, लेकिन पानी की कमी के चलते शहर में पानी की सप्लाई की राशनिंग शुरू कर दी है। पुराने जलघर में पानी कम होने के चलते डाबर कॉलोनी व निनान के जलघरों से पानी की सप्लाई जोड़ी जा रही है, ताकि नहरों में नहरी पानी पहुंचने तक शहर के लोगों का हलक तर रखा जा सके।

उल्लेखनीय हैं कि शहर में तीन जलघरों से पानी की सप्लाई की जाती हैं, जिनमें चौधरी सुरेंद्र सिंह चिड़ियाघर के पीछे एक नंबर जलघर, दो नंबर डाबर कॉलोनी जलघर तथा तीन नंबर निनान जलघर शामिल हैं। एक नंबर पुराना जलघर में सात टैंक, जिनकी क्षमता 16 एमएलडी हैं तथा इनमें दो तीन दिन का पानी ही शेष बचा हैं। वहीं दो नंबर डाबर जलघर में पांच टैंक है, जिनकी क्षमता 18 एमएलडी हैं तथा एक सप्ताह का पानी शेष बचा हैं। इसी तरह तीन नंबर निनान जलघर में तीन टैंक हैं, जिनकी क्षमता 19 एमएलडी हैं तथा लगभग नौ दिन का पानी शेष बचा हैं। जलघरों के पानी के साथ ट्यूबवैलों का पानी मिलाकर सप्लाई दी जा रही है, जिससे रोजाना हर घर तक पानी पहुंचाना मुश्किल है। पानी की कमी के चलते शहर के जिन इलाकों में पुराने जलघर से पानी की सप्लाई दी जा रही है। उन क्षेत्रों में तीसरे दिन पानी की सप्लाई छोड़ी गई। पानी की सप्लाई के समय में कोई कमी नहीं की गई हैं, वो तीसरे दिन पहले की तरह एक घंटा ही दी जा रही हैं। तीसरे दिन पानी की सप्लाई मिलने से लोगों की समस्याएं बढ़ने लगी है। फिलहाल सप्लाई के साथ साथ लोगों को हैंडपैम्पों का भी सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं बाहरी कॉलोनियों के लोग टैंकरों के सहारे अपनी प्यास बुझा रहे है। दूसरी तरफ ग्रामीण इलाकों में भी पानी की सप्लाई रोज की बजाय तीन व चार दिन में दी जा रही है, क्योंकि ग्रामीण इलाकों के अधिकांश जलघरों के टैंक खाली पड़े है। वहां पर केवल ट्यूबवेलों के जरिए ही लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में जलघरों में लगाए गए ट्यूबवेलों का पानी खारा है। मजबूरीवश लोग उसी पानी से अपना हलक तर कर रहे है।

***पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी अभी तीन चार दिनों का पानी का स्टॉक होने का दावा कर रहे है***

***बाहरी कॉलोनियों के लोग टैंकरों के सहारे प्यास बुझा रहे है।***

### जुई नहर में 20 तक पानी पहुंचने की उम्मीद: जई

पब्लिक हेल्थ के कनिष्ठ अभियंता ताज ने बताया कि नहरों में पानी देरी की वजह से जलघरों के टैंकों में पानी कम बचा है। अधिकांश शहर में नियमित पानी की सप्लाई दी जा रही है। कुछेक इलाकों में राशनिंग है। उन्होंने जुई नहर में 20 फरवरी तक पानी पहुंचने की उम्मीद जताई है, क्योंकि पहले सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा जाएगा। इसके बाद ही जुई नहर में पानी पहुंचेगा।

### नहरी पानी में देरी से बिगड़ा सप्लाई का गणित

शहर की पीने के पानी की सप्लाई का गणित नहरों में देरी से पानी आने की वजह से बिगड़ा है। क्योंकि पिछले माह नहरों में पानी पहुंचा तो उस हिसाब से दस फरवरी तक पानी आ जाना चाहिए था। 12 फरवरी को मूनक से पानी छोड़े जाने की सूचना है। वहां से पानी पहुंचने में करीब 24 घंटे का समय लगता है, ये तब संभव है, जब यमुना से पूरा पानी मिला हो। वहीं अगर पानी कम मिला तो इससे ज्यादा भी समय लग जाएगा। फिलहाल 15 फरवरी तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। अगर पानी मांग के हिसाब से मिला तो जुई फीडर में 15 को ही पानी छोड़ा जाएगा। पानी कम हुआ तो 20 फरवरी के आसपास जुई नहर को पानी मिल पाएगा, ऐसे में पीने के पानी का संकट ओर बढ सकता है। फिलहाल राशनिंग से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है।

**चकाचक होंगे चरखी दादरी के पार्क**

# सौंदर्यीकरण के लिए नप चेयरमैन और अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- शहर के तीन पार्कों पर खर्च होंगे 1.86 करोड़
- शहर में पार्क के नाम पर केवल रोज गार्डन ही है



भिवानी। पार्क का निरीक्षण करते नप चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

शहर के तीन पार्कों का 1.86 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जल्द ही पार्कों में काम शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को नप चेयरमैन और अधिकारयों ने रोज गार्डन का निरीक्षण किया। शहर में पार्क के नाम पर केवल एक रोज गार्डन ही है। जिसमें लोग सुबह शाम घूमने के लिए आते हैं। इसके अलावा तो शहर के अन्य पार्कों की हालत बेहद खस्ता और दयनीय बनी हुई थी। रोज गार्डन में लगे अधिकतर झूले टूट चुके हैं। पार्क की खस्ता हालत को देखते हुए महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों का पार्क में टहलना मानो बंद हो गया है।

अब नगर परिषद चेयरमैन द्वारा शहर के तीन पार्कों की सुध लेते हुए जिसमें रोज गार्डन भी विशेष रूप से शामिल किया हुआ है। जिसके तहत ही रोज गार्डन के हालात सुधारने के लिए नप चेयरमैन बख्शी राम सैनी, एमई वीरेंद्र हुड्डा व जेई सोहार्द ने एजेंसी संचालक के साथ रोज गार्डन का निरीक्षण कर एजेंसी को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। एजेंसी द्वारा शनिवार से ही कार्य को शुरु किया जाएगा। लगभग 1 करोड़ 86 लाख की लागत से रोज गार्डन सहित अन्य दो पार्कों में विभिन्न प्रकार की आकृति आदि बनाई जाएगी।

### राजस्थान से आएगा पत्थर

रोज गार्डन का नवनिर्माण करने के लिए नगर परिषद द्वारा राजस्थान के धौलपुर से एक लाल रंग के विशेष पत्थर को मंगवाया जाएगा। जिससे रोज गार्डन में डेकोरेटिव स्कल्पचर एलिफेंट सजावटी हाथी, डोनाल्ड डक कार्टून मूर्तियां, सजावटी कैनन, डक स्प्रिंग राइडर, सजावटी पोल, एलईडी बोलार्ड, तीन स्तरीय झरना ग्रेनाइट जलप्रपात, 8 स्तरीय झरना ग्रेनाइट जलप्रपात और रोज गार्डन में बच्चों के लिए गिरफ क्लाइंबर बनाया जाएगा, जो कि बच्चों के खेलने में काम आएगा। रोज गार्डन में नई किस्म के पौधे लगाए जाएंगे। ये पौधे सुगंधित व फलदार होंगे। जिससे लोगों को स्वच्छ हवा मिलेगी। रोज गार्डन में सुधार करने के बाद आमजन का सुबह शाम घूमने का दौर फिर से शुरू हो जाएगा। रोज गार्डन में टूटे पड़े झूलों की मरम्मत के लिए एजेंसी को टेंडर अलॉट कर दिया गया है। रोज गार्डन में अब टूटे पड़े पुराने झूलों की जगह नए झूले लगाए जाएंगे। हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे, घास लगाया जाएगा। लोगों के बैठने की व्यवस्था भी बेहतर की जाएगी। पार्कों में टॉयलेट व पीने के पानी की सुविधा को ओर भी बेहतर किया जाएगा। नगर परिषद चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने बताया कि शहर के सबसे बड़े रोज गार्डन का नवनिर्माण किया जाएगा। साथ दो अन्य पार्कों की दशा को भी सुधारा जाएगा।




शोरुम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।



लाइफ Style

# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला




# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल' को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को' जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट' उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा' में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां' में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**भिवानी।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 में बेहतर रैंकिंग के लिए नगर परिषद चरखी दादरी एवं दादरी पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के लिए दादरी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा वार्ड नंबर 13 के अलग-अलग स्थान पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। बच्चों ने कचरे के सही निस्तारण, गीले सूखे कचरे को अलग-अलग कूड़ेदान में डालना ,एकल प्लास्टिक प्रयोग के बंद करना, कचरे को नगर परिषद की कचरा गाड़ी में ही डालने के लिए प्रेरित किया गया।

### राहवीर योजना के तहत मददगार को मिलेगा इनाम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया केंद्र सरकार की राहवीर योजना को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने हरियाणा में लागू किया गया है। इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य हादसे के दौरान घायल हुए इंसान को समय पर मदद करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत राहवीर को कानूनी संरक्षण भी मिलेगा। सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले को सात दिन के अंदर 25 हजार रुपये इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित बाबा कमाल मंदिर में रविवार को साढ़े सात बजे महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन प्रजापति ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्रहमाकुमारी सोनीपत रिट्रीट सैंटर एवं सब जॉन हांसी की निदेशक राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी बतौर मुख्य वक्ता होंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि, विशिष्ट अतिथि के रूप में ना प्रधान सुंदर अत्री शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में ज्ञानयुक्त मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पति संग गोसेवा कर मनाई शादी की वर्षगांठ

**भिवानी।** चकाचौंध के दौर में लोग अपनी शादी की सालगिरह होटलों और पार्टियों में मनाना पसंद करते हैं। वहीं 21वीं सदी की नारी संस्था की अध्यक्षा निशा तंवर और उनके पति जोगेंद्र सिंह तंवर ने अपनी शादी की 16वीं वर्षगांठ को बेहद सादगी और सेवा भाव के साथ मनाया। दंपत्ति ने खास दिन को गौशाला में गायों की सेवा कर यादगार बनाया। शादी की 16वीं सालगिरह पर निशा तंवर और जोगेंद्र सिंह तंवर गौशाला पहुंचे। उन्होंने अपने हाथों से गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। उन्होंने बंदरों को केले, गुड़ व भुगड़े व कुत्तों को बिस्किट भी खिलाए। निशा ने समाज को एक कड़ा और सकारात्मक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी खुशी या उत्सव के अवसर पर गौसेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

## वैश्य कॉलेज में डीएसपी ने स्वयंसेवकों को किया संबोधित

# नशा मुक्त समाज से ही संभव है सुरक्षित डगर और सशक्त सफर

- प्राचार्य डॉ. संजय गोयल की देख रेख में स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वैश्य महाविद्यालय, भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा हनुमान ढाणी स्थित हनुमान मंदिर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की एन एस एस इकाइयों के प्रभारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल की देख रेख में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ मुख्य अतिथि डीएसपी संदीप शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल, और कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पावन अवसर पर वातावरण भक्ति और ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। शिविर के छठे दिन शिविर में 'सुरक्षित डगर, सशक्त सफर',आपदा प्रबंधन के महत्व,नशा मुक्ति, प्राकृतिक अग्नि,जल,वायु,मिट्टी से उपचार,आकाश का जीवन में महत्व,आत्मरक्षा विषय पर व्याख्यान व पहेली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वयंसेवकों के उत्साह की सराहना की और उन्हें समाज सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीएसपी संदीप शर्मा ने 'सुरक्षित डगर, सशक्त सफर' विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। उन्होंने युवाओं को नशे के जाल से बचने और एक अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात, उन्होंने समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाली गई नशा मुक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. प्रोमिला सुहाग ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी, सतर्कता और सही प्रशिक्षण आवश्यक है। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट ओमवीर सिंह ने अग्नि,जल,वायु,मिट्टी, आचार्य राहुल ने आकाश का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला । रैली के समापन के बाद नेशनल चैम्पियन हरीश ने स्वयंसेवकों को कराटे का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज,सिंधु एवं वैश्य महाविद्यालय परिवार के काफी सदस्य उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में नशे के खिलाफ की चर्चा

# स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति को लेकर रैली निकाल, घर-घर जाकर किया जागरूक

- सायंकालीन सत्र में निबंध लेखन, भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस इकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र, डॉ. मंजूबाला एवं डॉ. दीपिका के दिशा-निर्देशन में योगाभ्यास एवं एनएसएस गीत के साथ की गई।

शिविर की गतिविधियों को आगे बढ़ते हुए स्वयंसेवकों द्वारा नशामुक्ति पर रैली एवं घर-घर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाते हुए उनसे दूर रहने के लिए जागरूक किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। वहीं सायंकालीन सत्र में निबंध लेखन, भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने बढ़ चढक़र भाग लिया।

इस दौरान राजकीय महाविद्यालय भिवानी की राजनीति विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम जोगपाल ने स्वयंसेवकों को महिला सशक्तिकरण एवं भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी शीर्षक पर विस्तृत व्याख्यान दिया। महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा सरकार के वरिष्ठ पशु चिकित्सा डा. नरेश कनोजिया ने पशुपालन एवं डेयरी में स्वरोजगार पर विस्तृत व्याख्यान दिया और हरियाणा सरकार द्वारा संचालित इस विभाग की अनेक योजनाओं स्वयंसेवकों को अवगत करवाया।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन


**तोशाम।** बच्चों का जन्मदिन मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**तोशाम।** शुक्रवार को जेबीडीएम स्पेशल स्कूल सरल में समाजसेवी अमित सोनी ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। अमित सोनी ने कहा कि उन्हें दिव्यांग बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाकर अत्यंत गर्व और संतोष का अनुभव हुआ। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे भी अपने जीवन के विशेष अवसर इन बच्चों के साथ मनाएं, ताकि समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रेम और सद्भावना विकसित हो सके। इससे बच्चों में भी अच्छे संस्कार और आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर संस्था निदेशक सुनील सुरा, नवीन वर्मा, स्टाफ सदस्य कमल कस्बा, सुशील वर्मा, नरेश शर्मा, अनिल झाझरिया, मोनू जांगड़ा, स्वीटी मैडम, प्रिया मैडम, मुकेश सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बच्चों को मिठाई वितरित कर किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने रोज गार्डन में नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

- पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


**चरखीदादरी।** लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते एसपी अर्श वर्मा

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने शुक्रवार को रोज गार्डन में आम नागरिकों के समक्ष नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया और उपस्थित लोगों से नशा न करने की शपथ दिलवाई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि परिवार और समाज की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को भी दिग्भ्रमित कर देता है। इस मौके पर पुलिस की नशा मुक्ति टीम प्रभारी निरीक्षक फूलसिंह ने युवाओं को नशे की उपलब्धता रोकने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने और प्रभावित लोगों के पुनर्वास में सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया। एसपी ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ कानून लागू करना नहीं है, बल्कि समुदाय के साथ मिलकर एक सुरक्षित और नशामुक्त समाज बनाना है। हर नागरिक की भागीदारी इस संघर्ष की सफलता के लिए अनिवार्य है।

### मास्टर दीवान सिह के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ के संस्थापक मास्टर दीवान सिंह जाखड़ का निधन बीती 4 फरवरी को 83 वर्ष की उम्र में हो गया था। उनके निधन पर शोक जताने के लिए शुक्रवार को बड़ चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान नरेश शर्मा ने की तथा संचालन जिला सचिव राजबीर कादयान ने किया। संघ के राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, राज्य महासचिव रतन जिंदल विशेष रूप उपस्थित रहे। राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने कहा कि दीवान सिंह जाखड़ हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के दो बार जिला प्रधान रहे। उन्होंने महिला अध्यापिकाओं को संगठन से जोडऩे का काम किया।

# महिला घर परिवार की धुरी, परिवार और समाज को बना सकती श्रेष्ठः बीके वसुधा

- हनुमान मंदिर में महिला एवं परिवार विषय पर महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** जागरूकता शिविर में शामिल बीके बहने व ग्रामीण महिलाएं।

महिला बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की आधारशिला है, आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण कर घर परिवार व समाज को श्रेष्ठ बना सकती है। यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व व राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बधवाना गांव के हनुमान मंदिर में महिला एवं परिवार विषय पर महिलाओं को संबोधित करते हुए झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला घर परिवार की धुरी है अगर वह आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण कर स्वयं को सशक्त बना अपने घर परिवार को दिव्य गुणों से सुसज्जित कर बच्चों को सुसंस्कारित बनाए तो देश स्वर्णिम बन सकता है। ब्रह्माकुमारी मोनिका ने कहा कि हमें हर कर्म को सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए।


**चरखीदादरी।** लेफ्टिनेंट मंजू कुंडू को समृति चिन्ह देते स्कूल संचालक।

### बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहींः मंजू कुंड

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझू कलां स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल असावरी में संस्था निदेशक अरुण कुमार सांगवान की अध्यक्षता में प्राचार्य भूपेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में लेफ्टिनेंट मंजू कुंडु ने राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भरता विषय पर प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट मंजू कुंडू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को देशसेवा, अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास का महत्व समझाते हुए एक प्रभावशाली एवं उत्साहवर्धक संबोधन दिया। लेफ्टिनेंट ने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यदि सही दिशा, मेहनत और लगन के साथ प्रयास किए जाएँ तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को सेना सहित विभिन्न सेवाओं में कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी ।

# राजा विक्रमजीत के न्याय और साहस की गाथा के सांग ने मोहा मन

- बापोंडा की बाबा पंचवीर गौशाला में गूंजी सांग की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



गांव बापोंडा स्थित बाबा पंचवीर गौशाला में इन दिनों भक्ति, सेवा और संस्कृति की त्रिवेणी बह रही है। हरियाणा कला परिषद के सहयोग से गो-सेवार्थ आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय सांग महोत्सव के चौथे दिन शुक्रवार को दर्शकों को पौराणिक और ऐतिहासिक वीरता के दर्शन हुए। सुप्रसिद्ध सांगी वेद प्रकाश अत्री और उनके दल ने राजा वीर विक्रमाजीत के सांग का मंचन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन के दौरान सांगी वेद प्रकाश अत्री ने बताया कि उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ना केवल एक प्रतापी शासक थे, बल्कि अत्यंत धर्मधारी और न्यायप्रिय भी थे। कलाकारों ने बताया कि देवराज इंद्र और मानसरोवर के हंसों के बीच हुई अनबन के कारण, इंद्र ने क्रोधवश हंसों को 12 वर्ष तक मृत्युलोक (पृथ्वी) में भटकने का श्राप दे दिया। ये हंस राजा विक्रमादित्य की शरण में आए और 12 वर्षों तक वहीं रहे। जब वनवास पूरा हुआ, तो हंसों ने राजा की दानवीरता और न्याय की तुलना देवताओं से की। एक मृत्युलोक के राजा की इतनी प्रशंसा सुनकर इंद्र ने एक हंसनी को कैद कर लिया और चुनौती दी कि यदि विक्रमादित्य वास्तव में इतने महान हैं, तो इसे छुड़ाकर दिखाएं। राजा विक्रमादित्य ने कठिन बाधाओं और इंद्र से संभावित युद्ध की परवाह न करते हुए अपने वचन को सर्वोपरि रखा। अंततः उन्होंने इंद्र की कैद से हंसनी को मुक्त कराया।

### अधिकारी रि-ओपन शिकायतों का करें निपटारा : डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर की रि-ओपन हुई शिकायतों का निपटारा करते समय सरकार द्वारा नियुक्त किये गए एमिनेंट पर्सन के हस्ताक्षर करवाएं ताकि इन शिकायतों का स्थायी समाधान हो सके। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल लघु सचिवालय हाल में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक के उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की शिकायतों को सकारात्मक दृष्टिगत के साथ निपटाए तथा संबंधित नागरिक से संवाद कर उन्हें विभाग की कार्यवाही से अवगत कराकर संतुष्ट करें। अधिकारी नियमित रूप से समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों के समाधान के लिए कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत ज्यादा दिन तक लंबित न रहे।


**चरखीदादरी।** अधिकारियों के साथ समाधान शिविर शिकायतों की समीक्षा करते उपायुक्त।

## गुरुनानक देव विश्वविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही

# सीबीएलयू की टीम ने जीती फुटबाल चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए।

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय एवं एआईयू द्वारा गांव अलखपुरा में आयोजित पांच दिवसीय उतर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में मेहमानों पर मेजबानी भारी पड़ी। प्रतियोगिता का चौथा लीग मैच गुरु नानक देव युनिवर्सिटी अमृतसर और चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी के बीच हुआ, जिसमें चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की टीम ने 2-0 से विजय हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार विजय प्राप्त की। बाद में विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद प्रधान सुनील लाम्बा पधारे। समापन समारोह में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी का डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक एवं अलखपुरा ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता के पहले लीग मैच चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा की टीम बराबर रही। दूसरे लीग मैच में गुरु नानक देव विवि अमृतसर ने जीजेयू हिसार को हराया।

### उतर भारत बना फुटबाल का हब

डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक ने कहा कि कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में गांव अलखपुरा में यह उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 बहुत शानदार रूप से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में खेल,शिक्षा,अनुसंधान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि कभी मणिपुर फुटबॉल का हब होता था लेकिन आज उतर क्षेत्र इसका हब बन गया है और अलखपुरा इसका ताजा उदाहरण है। किसी गांव में इतनी बड़ी चैंपियनशिप का आयोजन करने वाली सीबीएलयू देश की पहली यूनिवर्सिटी है। इस आयोजन के लिए हम कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी एवं एआईयू के आभारी हैं। फुटबॉल क्लब प्रधान सुरेश कुमार ने आयोजन के लिए विश्वविधालय का आभार जताया। उन्होंने विशेष सहयोग के लिए हिंदू हाई स्कूल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण संरक्षण, नकल नहीं करने व नशे से दूर रहने का दिया संदेश

- विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने नकल नहीं करने औरपर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** स्कूल संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए विधायक सर्राफ।

हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी लोक सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुति के साथ दी गईं । इस अवसर पर हिट एंड रन सड़क सुरक्षा, पानी एवं पर्यावरण संरक्षण, नकल न करने व नशे से दूर रहने का भी संदेश दिया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विधायक घनश्याम सर्राफ व मुख्य वक्ता डॉ.राजेश कुमार पीजीआई भिवानी ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता फिजिकली चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने की। कार्यक्रम में विशेष सानिध्य महंत चरण दास महाराज का रहा। कार्यक्रम में संयोजक सदाचारी शिक्षा समिति की अध्यक्ष सावित्री यादव रही। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप समाजसेवी अमित गोयल , समाजसेवी सचिन जैन, डॉक्टर ऋषभ कुमार, पशु चिकित्सा विभाग से अवशेष कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### रोटरी क्लब ने बांटी विद्यार्थियों को स्टेशनरी

**भिवानी।** बापोड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय में रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने छात्राओ में स्टेशनरी वितरित की। क्लब अध्यक्ष ने कहा कि रोटरी क्लब सदैव ही वंचित छात्रों कि सहायता के लिए स्कूल ड्रेस व जूते आदि का वितरण करता रहता है। शुक्रवार को क्लब ने बच्चों में स्टेशनरी वितरण का कार्यक्रम किया। प्रोजेक्ट चेयर माणिक के अनुसार भविष्य में भी छात्रों क़ी सहायता के लिए ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्लब सचिव रोटेरियन निकिता असीजा, रोटेरियन दर्शन मिढ़ा, हरदेवी मिढ़ा, डॉ बुद्धदेव आर्य आदि मौजूद रहे।

### छात्राएं किसी भी क्षेत्र से कम नहीं: बीईओ

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि आज की छात्राएं किसी भी क्षेत्र से कम नहीं हैं। इस दौरान छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

### हिंदू सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी

**लोहारू।** अनाज मंडी परिसर में 14 फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा इस दिन शहर में चार कलश यात्राएं निकाली जाएगी जो सम्मेलन स्थल पर पहुंचेगी। साधु संतों के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में वीर रस के कवि पुनीत पांचाल भी पहुंचेगी। यह जानकारी समाज सेवी डॉ जितेंद्र जिंदल, मा. पवन स्वामी और मा. राजीव वत्स आदि ने दी।

### महाराजा सूरजमल को किया नमन

**तोशाम।** 18वीं सदी के महान योद्धा महाराजा सूरजमल की जयंती पर प्रदेशभर में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर पर्यटन विकास मंच के चेयरमैन एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के हरियाणा राज्य बोर्ड अध्यक्ष राजेश गारनपुरा ने उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। राजेश गारनपुरा ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल एक राजा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता और कुशल सैन्य रणनीतिकार थे।

### डिजिटल साक्षरता समय की आवश्यकता: सीजेएम

**भिवानी।** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य डिजिटल युग की चुनौतियों, साइबर सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग को लेकर आमजन को जागरूक करना रहा। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का बढ़ता प्रभाव जहां सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध, फेक न्यूज और निजता हनन जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में डिजिटल साक्षरता समय की आवश्यकता है।

## जिला परियोजना संयोजक ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का किया निरीक्षण

# दूसरी व तीसरी के विद्यार्थियों का जांचा ज्ञान, तनाव मुक्त रहने की दी सलाह

- विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने, पर्याप्त नींद लेने एवं संतुलित आहार लेने की दी सलाह
- दसवीं व बारहवीं के छात्रों को नकलरहित व अनुचित साधनों से दूर रहकर आत्मविश्वास से परीक्षा देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

निपुण हरियाणा मिशन के तहत मॉडल संस्कृति प्राइमरी व राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण एवं बच्चों का शिक्षा स्तर का आंकलन करने गठित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मोनिटरिंग टीमों ने निरीक्षण कार्य शुरू कर दिया हैं, जिसकी सूचना पर शिक्षकों में हड़कंप मंच गया हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर ने गांव धिराणा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालय का निरीक्षण किया। डीपीसी तंवर ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के चलते अन्य स्कूलों के शिक्षकों में हड़कंप मच गया और शिक्षक अपनी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाने में व्यस्त रहे। उल्लेखनीय हैं कि डीईओ ने पत्र जारी कर मोनिटरिंग टीमों का गठन किया था, जिसमें जिले के 14 शिक्षा अधिकारियों को जिलेभर के 57 प्राइमरी विद्यालयों का निरीक्षण करने एवं बच्चों का शिक्षा सत्र जानने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। डीपीसी तंवर ने धिराणा के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालयों में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हिंदी के 45 शब्द तथा तीसरी के विद्यार्थियों को 60 शब्द प्रति मिनट पढ़वाएं, जिसमें अनेक बच्चों ने तो बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं गणित विषय में कक्षा दूसरी के विद्यार्थी को दो अंकीय जोड़ हासिल के साथ तथा तीसरी के विद्यार्थी दो अंकीय घटाव बिना हासिल के साथ की जांच की।





**भिवानी।** प्राइमरी स्कूल में बच्चों का शिक्षा सत्र का मूल्यांकन करते डीपीसी शिवकुमार तंवर। *फोटो: हरिभूमि*

### बोर्ड परीक्षा को लेकर किया संवाद

डीपीसी तंवर ने कक्षा 6 से 12 कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से विषय संबंधित प्रश्न पूछे तथा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पाठ्यक्रम को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करके पढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने, पर्याप्त नींद लेने एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान नकल नहीं करने के लिए प्रेरित किया।

### रुद्राक्ष का पौधा लगाया

शिक्षा अधिकारी तंवर ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से पाठ पढ़वाया और उनकी लिखने व गणना की क्षमता का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की स्वच्छता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बिल्कुल स्वीकार नहीं की जाएगी। विद्यालय स्टाफ ने आश्वासन दिया कि वे विभागीय निर्देशों का पालन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वच्छता, मध्याह्न भोजन व अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान डीपीसी तंवर ने विद्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।



**बवानीखेड़ा।** वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मंच पर खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह, प्राचार्य आनंद शर्मा, लिपिक महेश कुमार, एसएमसी सदस्य व अन्य।

# बीइओ ने एबीआरसी और बीआरपी की ली बैठक

- कर्मचारियों ने अधिकारी को दिया आश्वासन पहले की तरफ खंड को ऊंचाइयों पर ले जाने का करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एबीआरसी, बीआरपी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कलस्टरों के एबीआरसी व खंड के बीआरपी पहुंचे। बीईओ सतेन्द्र सिंह कार्यगृहण पश्चात मीटिंग में पहली बार अधिकारी व कर्मचारी रूबरू हुए। अधिकारी ने कर्मचारियों को अपने अनेक पदों पर कार्यग्रहण व पदोन्नति बारे अवगत कराया और कार्य के प्रति लग्न रखने बारे प्रेरित किया। अधिकारी ने कर्मचारियों से ईको मेंटोरिंग विजिट के दौरान पाई गई कमियों की समीक्षा, बेस्ट प्रैक्टिस, प्रशिक्षक पोर्ट पर चल रहे ईको कोर्स की वर्तमान प्रगति एवं स्टेटस, स्टीम मंच की मौजूदा प्रगति व गतिविधियों की फीडबैक ली।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एबीआरसी, बीआरपी की बैठक के आयोजन में संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह।

### सराहना की

वहीं कर्मचारियों ने भी अधिकारी को कार्य की अधिकता के बारे अवगत कराया। अधिकारी ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि उन पर कार्य का बोझ नहीं आने दिया जाएगा। वहीं कर्मचारियों ने भी अधिकारी को आश्वासन दिया कि पहले की भांति वे अपने अपने क्लस्टरों व खंड के कार्य को पिछड़ने नहीं देंगे। वहीं अधिकारी ने भी समस्त कर्मचारियों के कार्य की जमकर सराहना की।

# पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- जरूरतमंदों की जान बचाकर सीधे तौर पर मानवता की रक्षा करता रक्तदान: डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पुलवामा के वीर शहीदों की स्मृति और उनके सम्मान में शुक्रवार को स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 7वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत मां के वीर सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित की। शिविर के दौरान माहौल देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक पहुंचे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, समाजसेवी युवा मोनू भगत सिंह, तपस्वी नारायण नाथ, विकास भारद्वाज, दीपक यादव, अशोक कुमार गोलाहेड़ा ने शिरकत की। शिविर के आयोजक सुमित गौतम गुजरानी, सुनील सांगवान छपार, सुनील जांगड़ा सुई, रविंद्र जांगड़ा,विजय सिंहमार, राकेश गौड़, अमरपाल पूर्व सरपंच दिनेश उमरावत, रमेश सैनी, जेपी श्योराण आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को पांच गुणों के बारे में बताया

- हलवासिया विद्या विहार के प्राथमिक विभाग में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष समारोह का आयोजन

हलवासिया विद्या विहार के प्राथमिक विभाग में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वैदिक पुरोहित ज्ञान चंद शास्त्री एवं दुर्ग देव आर्य द्वारा विधिवत अनुष्ठान पूर्ण करवाया गया।

हवन के पश्चात ज्ञानचंद शास्त्री ने विद्यार्थियों के पांच गुणों (कौवे जैसी जागरूकता, बगुले जैसा ध्यान, कुत्ते जैसी नींद,अल्पाहार व केवल विद्या पर ही ध्यान लगाना )के बारे में बताया । तत्पश्चात कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों द्वारा मंत्र उच्चारण, भजन, कविता सामूहिक नृत्य, आदि अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। भैया दैविक अरोड़ा ने कक्षा पांचवी के सभी विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय के अपने अनुभव व विचार साझा किये। सभी की प्रस्तुति सराहनीय रही। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक डॉ० शमशेर सिंह अहलावत ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा यदि छोटे बच्चे बड़ों का आदर करेंगे तो उन्हें भरपूर प्रेम प्राप्त होगा।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### शुभकामनाएं दी

प्राचार्य विमलेश आर्य ने सभी छात्रों को उनके लक्ष्य की प्राप्ति की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त होती है । प्राथमिक विभाग प्रमुख वीणापाणि ने विद्यार्थियों को माध्यमिक विभाग में जाकर अनुशासन में रहने व अच्छे संस्कारों का पालन करने को कहा। साथ ही उन्होंने माध्यमिक विभाग प्रमुख सुविरा से बच्चों को परिचित करवाया। आचार्या सुविरा ने बच्चों को आश्वासन देते हुए कहा कि वहां पर भी उन्हें उतना ही प्यार व दुलार मिलेगा, और अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# इनेलो के प्रदर्शन से घबरा कर बढ़ाई बुढ़ापा पेंशन बहाल: डॉ वासुदेव शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश भर में काटी गई लाखों बुजुर्गों की पेंशन को इंडियन नेशनल लोकदल के प्रस्तावित 20 फरवरी के प्रदर्शन के भय से हरियाणा सरकार ने पुनः बहाल कर दिया है । यह बात इनेलो के नवनियुक्त राष्ट्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ वासुदेव शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नाकामी है कि पूर्व उप प्रधान मंत्री एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल द्वारा शुरू की गई बुढ़ापा पेंशन को बिना कारण बताए एवं नई शर्त लगा कर काट रही है और जांच जारी रखने के आदेश दे रही है एवं दो सौ रुपए बढ़ाना ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। डॉक्टर वासुदेव शर्मा ने कहा कि बौखलाई सरकार कभी यूजीसी तो कभी बुढ़ापा पेंशन तो कभी मनरेगा को भी बदल कर जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में 2029 में सरकार बना कर बुढ़ापा पेंशन दोगुना करेगी।

**दो सौ रुपये बढ़ाना ऊंट के मुंह में जीरे के समान**



पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

# बच्चों को सिखाया आई हेट पॉलीथिन

- सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर लिटल हर्ट इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा राज्य प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आई हेट पॉलीथिन संस्था के सहयोग से स्थानीय सेक्टर 13 स्थित लिटल हर्ट इंटरनेशनल स्कूल में 'आई हेट पॉलीथीन' थीम पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और पॉलीथीन कैरी बैग को ना कहने पर एक कार्यक्रम का किया गया।

कार्यक्रम में वेंडर्स, दुकानदारों, होलसेलर्स को भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलिथीन कैरी बैग के दूसरे विकल्प देखने व जानकारी के लिए बुलाया गया। स्कूल में आई हेट पॉलीथीन एनजीओ ने एक स्टॉल भी लगाया।



**भिवानी।** पॉलीथीन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूकत करते हुए।

### दो सौ कपड़े के बैग वितरित किए

कार्यक्रम में शामिल नागरिकों और विद्यार्थियों को पॉलीथिन से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा और एनजीओ से मनीष कुमार ने नागरिकों से पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने की अपील की। इस दौरान पर्यावरण प्रदूषण की तरफ से क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा आमजन, स्कूल स्टाफ और बच्चों को दो सौ कपड़े के बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताएं और भाषण सुना किया भावुक

**चरखी दादरी।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को पुलवामा अटैक की बरसी पर ब्लैक-डे मनाया गया तथा महाशिवरात्रि का पावन पर्व भी श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव द्वारा शहीद जवानों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों के बलिदान को नमन किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताएं, भाषण और गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। विद्यालय परिसर में शहीदों की स्मृति में प्रेरणादायक पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शित किए गए। विद्यालय निदेशक ने कहा कि पुलवामा के शहीदों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यार्थियों को उनके साहस और देशप्रेम से सीख लेकर अपने जीवन में अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति को अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य कृष्णदत्त यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लैक-डे हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमें एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना चाहिए।

# पेंशन में बढ़ोतरी सराहनीय काम : जेपी

- विपक्ष का काम केवल लोगों को गुमराह करना: पूर्व मंत्री जेपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि विपक्ष का काम केवल लोगों को गुमराह करना है। कभी वोट चोरी के नाम पर तो कभी बुढ़ापा पेंशन काटने के नाम पर विपक्ष लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा हैं। असलियत में भाजपा शासन में प्रदेश में हो रहा विकास और आम आदमी का उत्थान विपक्ष को सहन नहीं हो रहा है। वे शुक्रवार को भाजपा नेता पवन शर्मा सुरपुरा के मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद लोगों के बीच बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली बार बजट को आम आदमी से रायशुमारी से बनाने का फैसला किया है।



**बहल।** आयोजित कार्यक्रम में लोगों से बातचीत करते पूर्व मंत्री। *फोटो: हरिभूमि*

### बजट से आम जनता को होगा फायदा

बजट पेश करने से पहले सरकार ने समाज के लोगों से उनकी जरूरत समझी है ताकि बजट को आम जनता का और आम जनता के लिए बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर समाज के गरीब, कमजोर और शोषित वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिए उनके उत्थान और विकास की नीतियां बना रही है लेकिन, विपक्ष ने हमेशा कमजोर वर्ग को महज एक वोट लेने तक सीमित रखा है। कभी उनकी भलाई की नहीं सोची और न ही कोई ऐसी नीति बनाई जिससे इस समाज का भला हो, उनका विकास हो। जेपी दलाल ने कहा कि आज दूसरे प्रदेश हरियाणा में हो रहे विकास को रोल मॉडल मानकर अपने प्रदेश का विकास करवा रहे है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 33 लाख लोगों की 200 से 1000 तक पेंशन में बढ़ोतरी का फैसला सराहनीय है।

## 22 फरवरी तक भिवानी में 37 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे : महंत वेदनाथ

# हिंदू व हिंदुस्तान को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व : महंत

भिवानी में होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर संत-महात्माओं ने की पत्रकारवार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हिन्दू समाज को संगठित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर भिवानी के संत-महात्माओं ने पत्रकारवार्ता की। संत महात्माओं ने कहा कि हिंदुत्व और हिंदुस्तान को मजबूत करना देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों की स्थापना के लिए ऐसे आयोजनों की होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि हिन्दुओं को जागृत करने के लिए देशभर में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों का उद्देश्य समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति जागरूक करना है। भिवानी क्षेत्र में 37 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज व साथ में अन्य संत महात्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### राष्ट्रहित की भावना को सुदृढ़ करना जरूरी

इस अवसर पर महंत विकासगिरी महाराज, महंत राजनाथ महाराज, महंत चरणदास महाराज, कैलाश गिरी महाराज, महंत युगल किशोरगिरी महाराज, ब्रह्मकुमारी सुमित्रा देवी, बाबा बलवीरगिरी महाराज, बाबा भोलागिरी तथा बाबा जगदीशनन्द गिरी सहित अनेक गणमान्य संतगण उपस्थित रहे। संतों ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता और राष्ट्रहित की भावना को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करें तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएं। संतों का कहना था कि हिंदू सम्मेलन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का माध्यम है, जिसके जरिए समाज को संगठित और सशक्त बनाया जाएगा।